एम. कॉम
द्वितीय सत्र

वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम. कॉम)

द्वितीय सत्र
सत्रीय कार्य
2025–2026

जुलाई 2025 तथा जनवरी 2026 प्रवेश सत्र के लिए

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 1100 68

वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि (एम. कॉम)

द्वितीय सत्र

सत्रीय कार्य – 2025–2026

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2025 और जनवरी 2026)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2025** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2026** तक है।
2. जो **जनवरी 2026** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2026** है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**एम. सी. ओ. -023**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**सामरिक प्रबधन**
स्त्रीय कार्य का कोड	**:**	**एम. सी. ओ. -023 टी. एम. ए./ 2025-2026**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. क) "रणनीति नीतियों का पर्याय है" कथन पर टिप्पणी करें । वे कौन से विभिन्न स्तर हैं जिन पर रणनीति मौजूद हो सकती है? **(10+10)**

   ख) मिशन क्या है? यह उद्देश्य से किस प्रकार भिन्न है? एक मिशन वक्तव्य की अनिवार्यताओं पर चर्चा करे।

2. क)) पांच बलों के ढांचे को संक्षेप में समझाइए और अपनी पसंद के किसी भी उद्योग के प्रतिस्पर्धी वातावरण का विश्लेषण करने के लिए इसका उपयोग कीजिए। **(10+10)**

   ख) विस्तार रणनीतियों को आगे बढ़ाने के लिए कौन से संसाधन और प्रोत्साहन एक संगठन को प्रोत्साहित करते है? विस्तार रणनीति का उपयोग करने के लिए संगठन के प्रयासों को प्रभावित करने वाली मुख्य समस्याएं क्या है?

3. निम्नलिखित पर संक्षेप में टिप्पणी कीजिए : **(4x5)**

(क) रणनीति निर्माण, कार्यान्वयन, मूल्याकन और नियत्रण एकीकृत प्रक्रियाएं हैं।

(ख) प्रतिस्पर्धी विश्लेषण का पोर्टर का पांच-बल मॉडल रणनीतियों को विकसित करने के लिए सबसे व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले दृष्टिकोणों में से एक है।

(ग) प्रतिस्पर्धी विश्लेषण रणनीति निर्माण के प्रमुख घटकों में से एक है।

(घ) " प्रभावी प्रबंधन रणनीति का 12 प्रतिशत ज्ञान है और 88 प्रतिशत लोगों के साथ उचित व्यवहार कर रहा है"।.

4. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट करें : **(4x5)**

(क) रणनीति और युक्तियों

(ख) एकांतंत्र प्रकार का नेतृत्व और लोकतांत्रिक प्रकार का नेतृत्व

(ग) निगमीय प्रशासन का जर्मन मॉडल और जापानी मॉडल

(घ) दूर दृष्टी (विजन) और मिशन

5 निम्नलिखित वक्तव्यों की व्याख्या अति संक्षेप में कीजिए : **(4x5)**

(क) सामरिक इरादे

(ख) पेस्टल (PESTLE) ढांचा

(ग) विविधीकरण के वैकल्पिक मार्ग

(घ) बीसीजी का ग्रोथ शेयर मैट्रिक्स